# MAHARAJGANJ POLICE

## सराहनीय कार्य का विवरण- दिनांक 05.04.2026

1

*1. यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही एवं संदिग्धों की चेकिंग-* जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर *808* वाहनों का चालान किया गया तथा 01 वाहन को सीज किया गया।

*2. शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल- *49* व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

*3. "मिशन शक्ति "-* मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति महिलाओं, बालिकाओं में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महराजगंज पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण के प्रति किया गया जागरुक।

*4. पैदल गश्त -* श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के आदेश के क्रम मे पैदल गश्त के तहत जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीम बनाकर पैदल गश्त अभियान को जारी रखते हुए दुकानदारों, व्यापारियों तथा आम जनता से सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनकी समस्या सुनी गयी। कस्बों में स्थित बैंक, एटीएम, ग्राहक सेवा केन्द्रों एवं अन्य वित्तीय प्रतिष्ठानों आदि के सुरक्षार्थ सघन चेकिंग अभियान चलाकर आस-पास खड़े संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की गई। नागरिकों एवं आम जनमानस से संवाद स्थापित कर प्रमुख चौराहों, सड़क की पटरियों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने को कहा गया, जिससे चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात सुगम हो सके। जनपदीय पुलिस द्वारा 129 जी बीएनएसएस मे 07 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी।

*5. जन संवाद-* पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों, कास्तकारों, किसानों के साथ थानों में शान्ति समिति की बैठकें कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी।

*6. विवेचना निस्तारण-* पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना की कार्यवाही करते हुए कुल- *17* विवेचना का निस्तारण किया गया।

**थानो द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण-**

**थाना कोतवाली द्वारा की गयी कार्यवाही**- अभियुक्त रहिम अली पुत्र बिस्मिलाह निवासी ग्राम धनेवा-धनेई टोला सुकठिया थाना कोतवाली जनपद महराजगंज के कब्जे से एक अदद मोटर साइकिल सुपर स्पलेंडर बिना नंबर तथा एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 187/2026 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**थाना पुरंदरपुर द्वारा की गयी कार्यवाही**- अभियुक्त मुरारी पुत्र लहुरी निवासी ग्राम खुर्रमपुर टांगिया थाना पुरंदरपुर जनपद महराजगंज के कब्जे से 02 जरिकेन में 7.5 लीटर कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 89/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**थाना पुरंदरपुर द्वारा की गयी कार्यवाही**- अभियुक्त रामदेव पुत्र जोखन ग्राम खुर्रमपुर टांगिया थाना पुरंदरपुर जनपद महराजगंज के कब्जे से 01 पिपिया में 05 लीटर कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 90/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**थाना श्यामदेउरवा द्वारा की गयी कार्यवाही**- अभियुक्त रमेश मद्धेशिया पुत्र जगदीश निवासी परतावल कस्बा थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज के कब्जे से 17 अदद टेट्रा पैक बंटी बबली बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 103/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**थाना श्यामदेउरवा द्वारा की गयी कार्यवाही**- अभियुक्त अर्जून सिंह पुत्र खदेरू सिंह निवासी ग्राम परसा बुजुर्ग  थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज के कब्जे से 02 लीटर बंटी बबली अवैध शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 104/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**थाना श्यामदेउरवा द्वारा की गयी कार्यवाही**- अभियुक्त अभिषेक मद्धेशिया पुत्र मिश्रीलाल मद्धेशिया निवासी परतावल कस्बा थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज के कब्जे से 19 अदद टेट्रा पैक बंटी बबली बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 105/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**थाना बृजमनगंज द्वारा की गयी कार्यवाही**- अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र बलिराज निवासी फुलमनहा टोला चिरैयाकोट  थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज के कब्जे से एक जरिकेन में 05 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 88/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**थाना कोठीभार द्वारा की गयी कार्यवाही**- अभियुक्त हरेन्द्र पुत्र मुखुत निवासी रजवल मदरहा थाना कोठीभार जनपद महराजगंज के कब्जे से 15 अवैध बंटी बबली शराब के पाउच (टेट्रा पैक) बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 116/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**थाना भिटौली द्वारा की गयी कार्यवाही**- अभियुक्त राममिलन पुत्र राधे निवासी कोदईला थाना भिटौली जनपद महराजगंज के कब्जे से 18 अदद प्रत्येक 200 एमएल की टेट्रा पैक बंटी बबली बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 73/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

***8.** जनपद में *04/05-04-2026* को विभिन्न अपराधों में कुल- *58* अभियुक्तगणों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।